सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम ऋण संबंधी बैंक क्रेडिट सुविधा स्कीम के संबंध में बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न

1	प्रश्न	**बैंक क्रेडिट सुविधा स्कीम क्या है?**
	उत्तर	सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों की क्रेडिट संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के विभिन्न राष्ट्रीकृत और निजी क्षेत्र के बैकों के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित किए हैं। इन बैकों के संघ के माध्यम से राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) इन बैकों से क्रेडिट सहायता (फंड या नॉन-फंड आधारित सीमाओं) की व्यवस्था करता है।
2	प्रश्न	**बैंक क्रेडिट सुविधा स्कीम की मुख्य-मुख्य विशेषताएं क्या हैं?**
	उत्तर	क) विभिन्न सरकारी और निजी क्षेत्र के बैकों के एकीकृत संयोजन से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को क्रेडिट की सुविधा प्रदान करना। ख) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को नए बैंक या अन्य बैंक में खाता रखने के लिए आवेदन पत्र देने के लिए विकल्प उपलब्ध करना। ग) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की दस्तावेज पूरा करने और उन्हें बैंक से प्रस्तुत करने में सहायता करना। घ) ऐसे कई सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की सहायता करना, जो क्रेडिट का लाभ उठाना चाहते हों। ङ) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को तत्काल सहायता उपलब्ध करना।
3	प्रश्न	**बैंक क्रेडिट सुविधा स्कीम के अधीन एमएसएमई ऋण की सुविधा का लाभ कैसे उठा सकते हैं?**
	उत्तर	एमएसएमई की इकाई हमारे किसी भी शाखा कार्यालय से सीधे संपर्क कर सकते हैं और ऐसे किसी भी बैंक से ऋण की आवश्यकता संबंधी अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसके साथ हमने करार निष्पादित किया है। हमारे शाखा कार्यालय में बैठने वाले अधिकारी, बैंक में प्रस्तुत करने के लिए यथा अपेक्षित सभी दस्तावेजों को पूरा करने में उन्हें सहयोग देकर एमएसएमई को तत्काल सहायता प्रदान करेगा।
4	प्रश्न	**ये दस्तावेज क्या-क्या हैं?**
	उत्तर	ये दस्तावेज बैकों की जांच सूची के आधार पर एमएसएमई द्वारा किए जाएंगे।

5	प्रश्न	**ऐसे लक्ष्य ग्राहक कौन-कौन हैं, जो एनएसआईसी-एफएफसी के अधीन ऋण का लाभ उठा सकते हैं ?**
	उत्तर	मौजूदा एमएसएमई इकाइयां और नए ऋण के लिए आवदेन पत्र देने वाली इकाइयां, इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन पत्र दे सकते हैं।
6	प्रश्न	**इस स्कीम में आवेदन पत्र देने की क्या कोई लागत है?**
	उत्तर	इस स्कीम के अधीन ऋण के लिए आवेदन पत्र देने हेतु आवेदन पत्र देने के संबंध में एमएसएमई इकाई से कोई फीस नहीं ली जाती है।
7	प्रश्न	**इस बैंक क्रेडिट सुविधा स्कीम से एमएसएमई की कैसे सहायता की जाती है?**
	उत्तर	बैंक, क्रेडिट सुविधा स्कीम के अधीन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाई (इकाइयां), बैकों की ऋण देने की नीति के अधीन उनसे वित्तपोषण के लिए संपर्क कर सकते हैं, और एनएसआईसी द्वार प्रत्योजित ऋण प्रस्तावों पर विशेष ध्यान दिया जाता है।
8	प्रश्न	**ऐसी ऋण देने वाली संस्थाएं कौन-कौन सी हैं, जो एफएफसी के अधीन ऋण देने की पात्र हैं?**
	उत्तर	ऐसे बैंक/वित्तीय संस्था (संस्थाएं) जिन्होंने एनएसआईसी के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित किए हैं, एफएफसी के अधीन ऋण देने वाली संस्थाएं हैं।
9	प्रश्न	**सूक्ष्म उद्यम क्या है?**
	उत्तर	जिसका संयंत्र और मशीनरी या उपस्करों में निवेश 1 करोड़ रूपये से अधिक नहीं हो और जिसका कुल वार्षिक कारोबार 5 करोड़ रूपये से अधिक न हो।
10	प्रश्न	**लघु उद्यम क्या है?**
	उत्तर	जिसका संयंत्र और मशीनरी या उपस्कर में निवेश 10 करोड़ रूपये से अधिक न हो और जिसका कुल वार्षिक कारोबार 50 करोड़ रूपये से अधिक न हो।
11	प्रश्न	**मध्यम उद्यम क्या है?**
	उत्तर	जिसका संयंत्र और मशीनरी या उपस्करों में निवेश 50 करोड़ रूपये से अधिक न हो और जिसका कुल वार्षिक कारोबार 250 करोड़ रूपये से अधिक न हो।
12	प्रश्न	**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए बैंक में उपलब्ध ऋण सुविधाओं के प्रकार क्या-क्या है?**

	उत्तर	नई इकाई स्थापित करने और मौजूदा इकाईयों के मामले में उनका वित्सार आधुनिकरण और विविधीकरण करने के लिए स्थायी परिसंपत्तियों (अर्थात भूमि/भवन, संयंत्र/मशीनरी, अन्य स्थायी परिसंपत्तियों) के अधीन के लिए आवधिक ऋण। – बुक डेबिट और बिल डिस्काउटिंग सुविधा पर व्यापक रोकड़ क्रेडिट, ओवरड्राफ्ट के रूप में एमएसएमई की कार्यचालन पूंजीगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कार्यचालन पूंजी सीमाएं। – गारंटी, साख पत्र, विदेशी बैंक गारंटी, विदेशी साख पत्र आदि जैसी गैर-निधि आधारित सीमाएं।
13	**प्रश्न**	**क्या एमएसएमई द्वारा ऋण का लाभ उठाने के लिए केवीईसी का अनुपालन करना अनिवार्य है?**
	उत्तर	जी हां, ऋण के आवेदनकर्ता को सक्रिय खाता (बचत/चालू बैंक खाता) खोलना होगा, जिसमें उचित प्रस्ताव, पते का सबूत, आईडी सबूत और फोटो आदि, जैसा बैंक द्वारा निर्धारित किया गया हो, सहित केवाईसी का पालन करना होगा।
14	**प्रश्न**	**एमएसएमई द्वारा चरण का लाभ उठाने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले सभी दस्तावेज क्या-क्या हैं?**
	उत्तर	ऋण के प्रयोजन के आधार पर प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज अलग-अगल होते हैं। अपेक्षित सामान्य दस्तावेज इस प्रकार हैं: (i) पहचान का सबूत (ii) निवास स्थान का सूबत (iii) कारोबार के पते का सूबत (iv) प्रेमोटर, गारंटर, निदेशकों आदि की परिसंपत्तियों और देयताओं का विवरण और अद्यतन आयकरण विवरणी की प्रति (v) किराया करार/पट्टा विलेख यदि कारोबार परिसर किराये/पट्टे पर हो (vi) एसएसआई पंजीकरण प्रमाण पत्र/उद्यमता ज्ञापन की प्रति लिपि (vii) इकाई का विवरण (प्रोमोटरों के नाम और पते, अनुभव, क्रियाकलाप का प्रकार, सभी कार्यालयों/संयंत्रों के पते, शेयर धारण का तरीका आदि) (viii) पिछली तीन वर्षों के तुलन-पत्र और आईटी/एसटी विवरणी

		(ix) अगले दो वर्ष के लिए प्रदर्शित तुलन पत्र (x) निर्धारित फार्मेट में आवेदन पत्र (xi) निर्धारित फार्मेट में सीएमए डेटा, यदि अपेक्षित सीमा 100 लाख रूपये और उससे अधिक हो (xii) खाते की स्थिति और विद्यमान बैंकर (xiii) आवधिक ऋण की आवश्यकताओं के लिए परियोजना रिपोर्ट (xiv) प्रावकलन/कोटेशन/स्वीकृत भवन योजना आदि (xv) भागीदारी विलेख/ट्रस्ट विलेख/नियम और उपनियम/संस्था ज्ञापन और संस्था अंतनिर्गम/निगमन प्रमाणपत्र आदि (xvi) प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति पत्र/विधुत बोर्ड और अन्य सांविधिक प्राधिकर की स्वीकृति (xvii) चालू वित्त वर्ष का माहवार उत्पादन और बिक्री डेटा प्रक्रियागत माल का मूल्य, तैयार माल, देनदार, लेनदार आदि
15	**प्रश्न**	**एमएसएमई के लिए ऋणों का सीमांत मापदंड क्या है?**
	उत्तर	अलग-अलग बैकों में अलग-अलग हैं।
16	**प्रश्न**	**एमएसएमई को दिए जाने वाले ऋणों पर ब्याज दर क्या है?**
	उत्तर	अलग-अलग बैकों में अलग-अलग हैं।
17	**प्रश्न**	**एमएसएमई को दिए जाने वाले ऋणों के संबंध में देय प्रक्रिया प्रभार क्या है?**
	उत्तर	अलग-अलग बैकों में अलग-अलग हैं।
18	**प्रश्न**	**एमएसएमई को दिए जाने वाले ऋणों के संबंध में प्रतिभूति संबंधी मापदंड क्या है?**
	उत्तर	अलग-अलग बैकों में अलग-अलग हैं।